कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।
ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांक:–प.37(2207)गृरमु / पीएसएएल / 2020 / 9238-41 दिनाक:– 02 SEP 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स–युनिवर्सल सिक्यूरिटी सर्विसेज लाईसेन्स संख्या 788 / CD&HG HQ (S-Cell)/2014 दिनांक 19.03.2014 वैद्यता दिनांक 18.03.2024 (निजी सुरक्षा अभिकरण) द्वारा पूर्व लाईसेन्स अवधि 19.03.2014 से 18.03.2019 के दौरान पसार एक्ट 2005 की धारा 09 व 10 का उल्लघंन पाया गया। जिसके लिये लाईसेन्सधारी को कारण पृच्छा नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया। अनुज्ञाधारक द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण में पूर्व में उपरोक्त नियमो / कानून की पालना नहीं करने हेतु क्षमा मांगते हुये भविष्य में सभी प्रावधानों की पूर्ण पालना का विश्वास दिलाया गया। एजेन्सी द्वारा वर्तमान में नियमों की पालना की जा रही है अथवा नहीं की जांच हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 5404 दिनांक 22.04.2020 द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम–2005 की धारा 16 के तहत वर्ष 2020–21 का वार्षिक निरीक्षण करवाये जाने पर उक्त निजी सुरक्षा अभिकरण का कार्यालय बन्द मिला एवं दूरभाष पर बार बार सुचित करने के बाद भी अनुज्ञाधारक निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुआ। अतः प्रावधानो का स्पष्ट उल्लघंन व निरीक्षण में सहयोग ना करने के कारण उक्त लाईसेन्स को पसारा एक्ट 2005 की धारा 13(2) के तहत इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 8024–26 दिनांक 24.07.2020 के द्वारा एक माह के लिये तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किया गया एवं लाईसेन्सधारी को कार्यालय पत्र क्रमांक 8027–28 दिनांक 24.07.2020 द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया। लाईसेन्स निलम्बन के आधार के निरस्तीकरण होने तक उपरोक्त निजी सुरक्षा एजेन्सी का लाईसेन्स प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 13(2) के तहत पुनः एक माह के लिये निलम्बित किया जाता है।

02.09.2020

(राजीव दासोत IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा)
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं पालनार्थः–

1. श्री हरि सिंह पंवार पुत्र श्री रूप सिंह पंवार निवासी मकान नं–01 / 355, हाउसिंग बोर्ड, साकेत नगर, पोस्ट व थाना–ब्यावर, जिला–अजमेर हाल निवास व कार्यालय पता मकान नं–125, कन्सुआ चौराहा, डी.सी.एम. रोड, कोटा।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर सूचना अपलोड करने बाबत्।

(राजीव दासोत IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा)
राजस्थान, जयपुर